RAF SECTOR

NEWS CLIP

26/02/20

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Rajasthan Patrika, Ahmadabad (GJ)

मकानों पर लटके ताले, गिरफ्तारी से बचने के लिए अन्य स्थलों पर चले गए लोग

आरएएफ तैनात

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com



आणंद. जिले के खंभात शहर में रविवार को दो गुटों के बीच हुए संघर्ष के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में पथराव, आगजनी व तोड़फोड़ के बाद दूसरे दिन सोमवार को भी स्थिति तनावपूर्ण रही। सोमवार को द्रुत कार्य बल (रेपिड एक्शन फोर्स-आरएएफ) की टीम तैनात की गई है। पुलिस ने कुल 94 लोगों पर चार अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। दूसरी ओर, गिरफ्तारी से बचने के लिए अनेक लोग अपने मकानों पर ताले लगाकर अन्य स्थान पर चले गए हैं।

सूत्रों के अनुसार खंभात शहर में शुक्रवार को हुए पथराव की वारदात के बाद रविवार दोपहर में एक क्षेत्र में दो गुटों के बीच संघर्ष हो गया था। इस दौरान दोनों गुट आमने-सामने आ गए और पथराव शुरू कर दिया। साथ ही वाहन, मकान व दुकानों में आग लगा दी थी। इसके बाद चार अन्य क्षेत्रों में भी दो गुटों के लोग आमने-सामने आ गए और एक-दूसरे पर पथराव किया। इस दौरान भी मकानों व वाहनों में आग लगा दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने अश्रुगैस के 30 गोले दागकर हालात पर काबू पाया।

सूचना मिलने पर पुलिस महानिरीक्षक, प्रभारी पुलिस अधीक्षक व अन्य उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे। करीब पांच घंटे बाद हालात पर काबू पाया। पुलिस टीम ने दोनों गुटों के कुल 94 आरोपियों के विरुद्ध चार अलग-अलग मामले रविवार देर रात को दर्ज किए। सोमवार को दिनभर हालात तनावपूर्ण रहे। एक क्षेत्र के लोग अपने मकानों पर ताले लगाकर अन्यत्र चले गए। इस कारण वह क्षेत्र सूनसान हो गया।

खंभात शहर के बाजार सोमवार को बंद रहे। आरएएफ की टीम को भी तैनात किया गया। शहर के सभी बाजारों में बड़ी संख्या में तैनात पुलिसकर्मियों ने लगातार गश्त लगाई। लोगों को गलियों में व नुक्कड़ों पर भी खड़े नहीं रहने दिया गया। फिलहाल पुलिस टीम ने आरोपियों की गिरफ्तारी करने के लिए कार्रवाई शुरू की है।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।